चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका की ईएलएएयू डानकुनी इकाई ने किया रिकॉर्ड मासिक उत्पादन

चित्तरंजन ,02.06.2025 ;

चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स की इलेक्ट्रिक लोको असेंबली और सहायक इकाई (ELAAU/DANKUNI), दानकुनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में मई 2025 में सर्वाधिक मासिक 18 डब्ल्यूएजी-9एचसी इलेक्ट्रिक इंजनों का उत्पादन करके लोकोमोटिव निर्माण में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो नवंबर 2024 में हासिल किए गए 16 इंजनों के अपने पिछले उच्चतम मासिक उत्पादन को पार कर गया है।

ईएलएएयू) डानकुनी से उत्पादित यह 18वां इलेक्ट्रिक इंजन WAG 9 HC 42575 के रूप मे रवाना हुआ।

यह उपलब्धि दानकुनी इकाई की निरंतर वृद्धि और परिचालन दक्षता को दर्शाती है, जो भारतीय रेलवे के विद्युतीकरण और माल ढुलाई क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

यह दानकुनी इकाई से अब तक की सबसे अधिक मासिक लोकोमोटिव उत्पादन उपलब्धि है, यह एक ऐतिहासिक गौरव का क्षण है और यह सीएलडब्ल्यू के 75वें गौरवशाली वर्ष के उत्सव और भारतीय रेलवे पर विद्युत कर्षण के 100 वर्षों के उत्सव का एक हिस्सा है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष में दानकुनी ने कुल 156 लोको का उत्पादन किया था।

श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक ने लोको उत्पादन की पूरी दानकुनी टीम को बधाई दी तथा 18 लोकोमोटिव का अब तक का सफलतापूर्वक सर्वाधिक मासिक लोको उत्पादन पर उनके प्रयास की सराहना की।

सेवा में,

समाचार संपादक

चिरेका के जन संपर्क विभाग द्वारा जारी।